मुख्य गतिविधियां और उपलब्धियां
(अप्रैल-जुलाई 2016)

1. मास/मीडिया अभियान/ई-पहल

1.1 ब्रैंड अम्बेसडर के रूप में श्री अमिताभ बच्चन के साथ *'जिम्मेदारी निभाओ, प्लान बनाओ'* शीर्षक नामक एक नया दृश्य-श्रव्य मास-मीडिया अभियान शुरु किया गया। दिनांक 05 अप्रैल, 2016 को परिवार नियोजन के नए लोगो का अनावरण किया गया।

1.2 माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री द्वारा दिनांक 22 जून, 2016 को त्रैमासिक पत्रिका 'स्वस्थ भारत पहल' शुरु की गई।

1.3 भारत के नागरिकों को प्रमाणित स्वास्थ्य सूचना उपलब्ध कराने के लिए तीन मोबाइल एप्लीकेशन शुरु की गई हैं अर्थात्:

- 07 अप्रैल, 2016 को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर "इंडिया फाइट्स डेंगू" शुरु किया गया।
- विश्व स्वास्थ्य दिवस पर "एनएचपी स्वस्थ भारत" भी शुरु किया गया।
- 06 अप्रैल, 2016 को "एनएचपी इंद्रधनुष प्रतिरक्षण" शुरु किया गया।

1.4 दिनांक 19 जुलाई, 2016 को मंत्रिमंडल सचिव द्वारा एम्स, नई दिल्ली में ई-अस्पताल मॉड्यूल शुरु किए गए।

2. तृतीयक परिचर्या

2.1 राम मनोहर लोहिया अस्पताल, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, एम्स, रायपुर एवं ऋषिकेश, पीजीआईएमईआर, चण्डीगढ़ और जिपमेर, पुद्दुचेरी में उपचार हेतु सस्ती दवाइयां और विश्वसनीय इम्प्लांट (अमृत) आउटलेट खोले गए हैं। ये वैध प्रिस्क्रिप्शन धारक रोगियों को डिस्कांडटेड मूल्यों पर कैंसर तथा हृदवाहिका औषधि एवं इम्प्लांट उपलब्ध करावाएंगे। एम्स, नई दिल्ली में एक अमृत आउटलेट सहित अब 7 अमृत आउटलेट कार्य कर रहे हैं।

3. चिकित्सा शिक्षा एवं परिचर्या

3.1 आईएमसी (संशोधन) अध्यादेश, 2016 तथा दंत चिकित्सक (संशोधन) अध्यादेश, 2016 के दिनांक 24.05.2016 से लागू होने के साथ ही, एमबीबीएस/बीडीएस के लिए राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) नाम से राष्ट्रीय स्तर की एक सामान्य प्रवेश परीक्षा प्रारंभ हो गई है। नीट 2016 परीक्षा में एक लाख से अधिक विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

3.2 केंद्रीय स्वास्थ्य सेवा (सीएचएस) के सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारियों और गैर-प्रशिक्षण एवं जन स्वास्थ्य उप-संवर्गों के विशेषज्ञों की अधिवार्षिता की आयु को बढ़ाकर पैंसठ (65) वर्ष कर दिया गया है।

3.3 शैक्षणिक वर्ष 2016-17 के लिए एमबीबीएस की 3810 सीटों के लिए 51 चिकित्सा विद्यालयों के नवीनीकरण की अनुमति दे दी गई है।

3.4 शैक्षणिक वर्ष 2016-17 के लिए अभी तक 17 नए चिकित्सा विद्यालयों को अनुमोदित किया जा चुका है। इनमें से 2150 सीटों की अतिरिक्त क्षमता के साथ 13 चिकित्सा विद्यालय सरकारी क्षेत्र में तथा 4 चिकित्सा विद्यालय निजी क्षेत्र में हैं।

3.5 वर्तमान 9 चिकित्सा विद्यालयों में एमबीबीएस की 595 और सीटों शामिल की गईं। शैक्षणिक वर्ष 2016-17 में स्नातकोत्तर की 540 सीटें बढ़ाई गईं।

3.6 जिला/नामांकित अस्पतालों से संबद्ध नए मेडिकल कॉलेज स्थापित करने के लिए सीएसएस के तहत 17 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाने के लिए 47 प्रस्तावों को अनुमोदन दिया गया है तथा वर्ष 2016-17 में जारी की गई 445 करोड़ रुपए की धनराशि सहित संघ राज्य क्षेत्रों को अभी तक कुल 1104.73 करोड़ रुपए की निधियां जारी की गईं। पोर्ट ब्लेयर (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह), राजनंदगाव तथा अम्बिकापुर [सरजुगा] (छत्तीसगढ़), गोंडिया (महाराष्ट्र) और नहान (सिरमौर) (हिमाचल प्रदेश) में पांच चिकित्सा विद्यालयों ने कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। 42 चिकित्सा विद्यालयों में निर्माण का कार्य चल रहा है।

3.7 आईएमसी अधिनियम, 1956 की अनुसूची-I में मेडिकल प्रैक्टिस तथा शिक्षण प्रयोजन के लिए उनकी संबंधित विशेषताओं हेतु 32 डीएनबी/एफएनबी पाठ्यक्रम शामिल किए गए।

3.8 जिपमेर, पुद्दुचेरी, पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ तथा एम्स, नई दिल्ली के योजना शीर्ष के तहत इन संसथानों के उन्नयन/विस्तार हेतु क्रमश: 448.59 करोड़ रुपए, 136.75 करोड़ रुपए तथा 452.09 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की गई।

3.9 माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री द्वारा गंभीर परिचर्या पाठ्यक्रम (स्नातकोत्तर-रेजीडेंसी कार्यक्रम) में एक नर्स प्रैक्टिशनर पाठ्यक्रम आरम्भ किया गया।

4. प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई)

4.1 पीएमएसएसवाई के तहत 08 सरकारी मेडिकल कॉलेजों हेतु सुपर स्पेशीएलिटी सेवाओं के उन्नयन हेतु निविदा दी गई।

4.2 प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत गोरखपुर, उत्तर प्रदेश में एक नए एम्स तथा भठिण्डा, पंजाब में एक नए एम्स की स्थापना हेतु मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

****